# दीपन न्यूज़ लेटर (त्रैमासिक)

शाह गोवर्द्धनलाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय (सी.टी.ई.), जोधपुर

(श्री महेश शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित)

Estd. 1961




गीता भवन के पास, उम्मेद हॉस्पीटल रोड जोधपुर (राज.) 342003

Tel No.: (O) 0291-2632851, (Fax) 0291-2637323, (R) 2627421

Email : sgktc@yahoo.com • Website:www.sgktc.org



प्रकाशन वर्ष : 2017 ■ अंक : 2 ■ जनवरी-मार्च, 2017

## संदेश

**पं. बृज भूषण लाल काबरा**
वरिष्ठ उपाध्यक्ष,
श्री महेश शिक्षण संस्थान, जोधपुर

मारवाड़ की इस पावन धरा जोधपुर में शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी एवं उत्कृष्ठ परिणाम में संलग्न ''श्री महेश शिक्षण संस्थान'' से संबंध इकाई ''शाह गोवर्द्धनलाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय'' जिसने सम्पूर्ण राजस्थान में गुणवत्तायुक्त एवं प्रभावी शिक्षक तैयार करने की जो अलख जगाई वह आज लौपूंज की तरह प्रज्जवलित है, जिसका श्रेय ''शाह जी'' उपनाम से प्रख्यात व्यक्तित्व श्री गोवर्द्धनलाल काबरा जी को जाता है, जिनके अथक प्रयासों से इस महाविद्यालय की स्थापना हुई, शाह जी का यह सपना था, कि यह महाविद्यालय गुणवत्ता युक्त शिक्षक तैयार करे । वे महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि के पक्षघर न थे । शाह जी के दिये ''स्लोगन'' **"One who Dares To Teach Must Never Cease To Learn"** महाविद्यालय को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और इस पंक्ति को सार्थक करने के क्रम में यह महाविद्यालय 1961 से कार्यरत् है, इस महाविद्यालय की उपलब्धि और महत्ता पर 1988 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय(M.H.R.D.), नई दिल्ली ने राजस्थान में शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाने के सन्दर्भ में राजस्थान से चुने प्रथम महाविद्यालय के रूप में **(C.T.E.)** में क्रमोन्नत कर मोहर लगाई थी ।

शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षण से जुड़े नवाचारों को अपनाने में महाविद्यालय हमेशा अग्रणी रहा है जिसकी प्रगति एवं उन्नति से इस संस्थान से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है । गत वर्ष महाविद्यालय द्वारा त्रैमासिक पत्रिका **''दीपन न्यूज़ लेटर''** का प्रकाशन प्रारम्भ किया गया है जिसका उद्देश्य महाविद्यालयी सूचनाओं से समस्त शिक्षकों, प्रशिक्षणार्थियों एवं केचमेंट क्षेत्र के विद्यालयों तक शिक्षण गतिविधियों का प्रसार एवं संबंधित सूचनाओं से अवगत करवाना है । इस कार्य हेतु मैं महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मण्डल एवं परिवार के समस्त सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ ।

# महाविद्यालय की गतिविधियां

## राष्ट्रीय कार्यशाला

सी.टी.ई. के अन्तगर्त दिनांक 6 – 7 जनवरी 2017 को ''शैक्षिक अनुसंधान में न्यादर्श चयन'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला इस महाविद्यालय में आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में 02 आई.ए.एस.ई., 08 सी.टी.ई., 04 डाईट एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जोधपुर, जैसलमेर, जालोर एवं बाड़मेर से वरिष्ठ अध्यापकों ने भाग लिया तथा इस महाविद्यालय के व्याख्याताओं तथा एम.एड. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में श्रीमती नूतनबाला कपिला उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, जोधपुर मुख्य अतिथि थी। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता प्रोफेसर ए.के. मलिक, सेवानिृत अधिष्ठाता, कला संकाय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, प्रोफेसर पुस्कृत गुप्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, पंजाब, डॉ0 ओ.पी.आर. व्यास. सेवानिवृत प्राचार्य, जोधपुर तथा डॉ0 जय दयाल सिंह, प्रवक्ता ग्रामोत्थान विद्यापीठ, संगरिया, हनुमानगढ़ थे।









## गणतन्त्र दिवस समारोह

दिनांक 26 जनवरी 2017 गणतंत्र दिवस समारोह श्री महेश शिक्षण संस्थान के प्रांगण में सामूहिक रूप से मनाया गया। इस गणतंत्र दिवस समारोह में इस महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा सामूहिक गान प्रस्तुत किया गया।

## प्रयास 2017 की स्थानीय कार्यशाला

उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, जोधपुर के आदेशानुसार इस महाविद्यालय में दिनांक 17.01.2017 को जोधपुर जिले के गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ अध्यापकों हेतु प्रयास 2017 की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह वह वरिष्ठ अध्यापक थे जिनका राजस्थान बोर्ड के 80 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम रहा। इस कार्यशाला में इन वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा एक रिपोर्ट तैयार कर उन विद्यालयों को भेजी गयी जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम कम था।

## परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु अभिनव कार्य योजना हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

दिनांक 27 जनवरी 2017 को उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, जोधपुर द्वारा परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु अभिनव कार्य योजना के अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में सम्पूर्ण राजस्थान से आए शिक्षकों ने भाग लिया। राजस्थान के विभिन्न जिलों के शिक्षक भी यहां थे जिनका परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक था। इस कार्यशाला में श्री बी.एल. स्वर्णकार(निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर) ने मुख्य अतिथि के रूप मे अपनी उपस्थिति दी।






## पाठ्यक्रम समीक्षा बैठक

दिनांक 14.2.17 व 15.2.17 को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की बी.एड. पाठ्यक्रम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें डॉ. शिरीष बालिया, डॉ. अनार सिंह चौधरी, प्रो. ओ.पी. शर्मा, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. प्रिया खिमनानी, व अर्जुन सिंह सांखला उपस्थित थे । महाविद्यालय की तरफ से तकनीकी सहायता हेतु श्री सुरेश कुमार ने सहयोग किया ।





# खेल–कूद सप्ताह

बी.एड. सत्र 2016–18 के छात्रों को अर्न्तविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 07 एवं 08 फरवरी 2017 को श्री महेश शिक्षण संस्थान के मैदान में आयोजित किया गया।









# अन्तर्विभागीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता

दिनांक 23 फरवरी 2017 को इस महाविद्यालय के बी.एड. सत्र 2016–18 के छात्र/छात्राओं हेतु अन्तर्विभागीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता रखी गयी। यह प्रतियोगिता इस महाविद्यालय के सभागार मातु:श्री कला मंदिर में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता की तैयारी करवाने हेतु तीनों विभागों ए, बी, एवं सी हेतु अलग–अलग संगीतज्ञों की व्यवस्था की गई। इस प्रतियोगिता के अंक छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्याकंन में जुड़ते है।





# सेवारत् शिक्षक प्रशिक्षक कार्यक्रम

सी.टी.ई. के अन्तर्गत द्वितीय श्रेणी अध्यापकों के सेवारत् कार्यक्रम दिनांक 09.01.2017 से 15.01.2017 तक अंग्रेजी तथा सामाजिक ज्ञान, दिनांक 16.01.2017 से 20.01.2017 तक आपदा प्रबंधन एवं समावेशी शिक्षा विषयों पर सेमीनार हुए।

### महाविद्यालय में जनवरी से मार्च 2017 के मध्य आयोजित सी.टी.ई. की कार्यशालाओं एवं सेवारत् शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण

| क्रमांक | विभाग | दिनांक | अवधि | प्राध्यापक | उपस्थित प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 9–1–17 से 15–1–17 | 7 | श्री दिनेश चौधरी | 12 |
| 2 | सामाजिक ज्ञान | 9–1–17 से 15–1–17 | 7 | श्रीमती लवलिना त्रिवेदी<br>डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़<br>श्री नवीन कमार पारीक | 12 |
| 3 | आपदा प्रबंधन | 16–1 से 20–1–17 | 5 | श्री नवीन कुमार पारीक | 12 |
| 4 | समावेशित शिक्षा | 16–1 से 20–1–17 | 5 | डॉ. डुंगा राम भटनागर | 14 |

# कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) बैठक

शाह गोवर्द्धनलाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय (सी.टी.ई.), जोधपुर के कार्यक्रम सलाहकार समिति (PAC) की एक बैठक दिनांक 15.02.2017 को प्रातः 11.00 बजे महाविद्यालय सेमीनार हॉल में हुई थी । इस बैठक में श्रीमती नूतनबाला कपिला(उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, जोधपुर), श्री रमेश कुमार रंगा (सहायक निदेशक, मा. शिक्षा निदेशालय, बीकानेर), श्री मोहनलाल जीनगर(रीडर, नोडल आई-,-एस-ई-, बीकानेर), श्री अनूप गोस्वामी(प्रभारी प्रशिक्षण, मा- शिक्षा निदेशालय, बीकानेर), डॉ0 शशि रंगा(रीडर, रा.उ.अ.शि.संस्थान, अजमेर), श्री ब्रहमपाल सिंह(प्राचार्य, डाईट, बाड़मेर), आदि जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) व डाइट प्राचार्य भी उपस्थित थे ।

सर्वप्रथम! गत बैठक दिनांक 20.08.2016 की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। सभी सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत परिचय के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की जिसमें वार्षिक कार्य योजना 2017–18 के विभिन्न पहलुओं यथा सेवारत् प्रशिक्षण, शोध एवं प्रकाशन गतिविधि, प्रसार गतिविधि, ऑन–साईट एवं लैब एरिया गतिविधि पर विस्तार से चर्चा की गई। सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सत्र 2016–17 में सभी कार्यक्रम होने पर संतोष व्यक्त करते हुए, इनमें उपस्थिति और बेहतर बनाने हेतु सुझाव दिये गये, कि रमसा व सी.टी.ई. के कार्यक्रमों में वार्षिक पंचाग बनाते समय तालमेल हेतु निदेशालय को अवगत कराया जाये। इस हेतु श्रीमान् रमेश रंगा जी ने निदेशालय स्तर पर कार्यवाही करने हेतु आश्वासन दिया साथ ही भविष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शाला दर्पण में लिंक करने हेतु कार्यवाही का प्रस्ताव निदेशालय में करने का आश्वासन दिया, साथ ही पी.ए.सी. में कैचमेंट एरिया के जिलों के डी.ओ. एवं शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी न आने की सूचना से उपनिदेशक महोदया को अवगत कराया गया।





नोडल आई.ए.एस.ई. बीकानेर के रीडर डॉ. मोहनलाल जीनगर ने ऑन–साईट कार्यक्रमों में कांलाश का अवलोकन, कक्षा प्रबन्धन, विषय प्रबन्धन, विद्यालय प्रबन्धन एवं कक्षा गत एवं विद्यालय संबंधित समस्याओं को लेकर ऑन–साईट गतिविधि संचालन करने का सुझाव दिया, साथ ही उन्होनें विद्यालयों में हो रहे नवाचारों को सी.टी.ई. के प्रकाशन विभाग को भेजने का सुझाव दिया।

डॉ. डुंगा राम(रीडर) एवं श्री शिवमोहन अग्रवाल(कम्प्यूटर अनुदेशक), शाह गोवर्द्धनलाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय (सी.टी.ई.), जोधपुर ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बासनी स्टेशन, जोधपुर एवं राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय खाण्डा फलसा, जोधपुर में किये जा रहे ऑन साईट गतिविधि कार्यक्रम से सम्बंधित दस्तावेज एवं वहां किये जा रहे कार्यों के बारे में समिति के सदस्यों को अवगत करवाया।

## केन्द्र प्रवर्तित योजनान्तर्गत ऑन-साइट सपोर्ट गतिविधियाँ

आवंटित केचमेंट एरिया के केवल राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सी.टी.ई. संकाय सदस्यों द्वारा अपने–अपने विशयों में राजकीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले अध्यापकों व विद्यार्थियों की शिक्षण अधिगम स्थितियों के संदर्भ में प्रत्येक वर्श माह अगस्त से दिसम्बर तक ऑन–साइट सपोर्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत निरन्तर शिक्षण अधिगम स्थिति में सुधार, नवाचारों हेतु सम्बलन व सहायता प्रदान की जाती है जिससे विद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में गुणवत्ता एवं शिक्षण अधिगम स्थितियों को सहज व प्रभावी बनाया जाता है ।

इसके अन्तर्गत रा.मा.वि पुलिस लाईन रातानाडा, रा.मा.वि.बासनी स्टेशन, रा.बा.मा.वि. खाण्डा फलसा, अल्पभाषा रा.मा.वि. राजमहल, चौ.हा.बो. जोधपुर में ऑन सॉईट गतिविधियों का संचालन क्रमश डॉ कीर्ति सोलंकी, डॉ. डुंगा राम, श्री शिव मोहन व श्रीमती सुरभि शर्मा द्वारा किया गया तथा इसके प्रतिवेदन तैयार कर महाविद्यालय में जमा करवाये गये ।









## केन्द्र प्रवर्तित योजनान्तर्गत लघु शोध परियोजनाओं का सम्पादन

शोध एवं प्रकाशन विभाग के माध्यम से विशेश आवश्यकता वाले क्षेत्रों पर संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा प्रतिवर्श लघुशोध परियोजनाएँ सम्पादित कराई जाती हैं। महाविद्यालय के ही 5 (पांच) प्रवक्ताओं के शोध प्रतिवेदन तैयार कर महाविद्यालय में जमा करवाये गये । यह शोध परियोजनाओं निम्नलिखित हैः–

1. ''विद्यालयों के SWOT विश्लेशण हेतु मॉडल प्रारूप पत्र तैयार कर प्रशासन करना व भविश्य हेतु विद्यालयों को सुझाव प्रस्तुत करना।'' –डॉ0 डुंगा राम भटनागर (रीडर)
2. ''सामान्य विद्यालयों एवं विशेष शिक्षा विद्यालयों के शिक्षकों की समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन ।'' –डॉ0 श्रीमती कीर्ति सोलंकी (प्रवक्ता)
3. ''शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति शिक्षकों के अभिमत एवं क्रियान्विति में आने वाली समस्याओं का अध्ययन ।'' –श्रीमती सुरभि शर्मा (प्रवक्ता)
4. "A study of the effect of Academic Anxiety and Educational Aspirations on the Academic Achievement of Secondary level students." –श्रीमती लवलीना त्रिवेदी (प्रवक्ता)
5. ''विद्यार्थियों में दुश्चिंता एवं अध्ययन सम्बंधी आदतों एवं मनोवृत्तियों का अध्ययन।'' –डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़ (प्रवक्ता)

## प्रसार गतिविधि

सी.टी.ई. संस्थान की समस्त शैक्षिक व सह–शैक्षिक गतिविधियों व शोध प्रशिक्षण कार्यक्रमों की त्रैमासिक सी.टी.ई. न्यूज लेटर **'दीपन'** के द्वितीय संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसे राज्य के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं, आई.ए.एस.ई., सी.टी.ई., डाइट, केचमेंट एरिया के विद्यालयों को भिजवाया जायेगा ताकि उनको सी.टी.ई. से संबंधित समस्त जानकारियां उपलब्ध हो सके ।

## शैक्षिक अनुसंधान कार्यशालाओं में संस्थान की भागीदारी

महाविद्यालय के प्रवक्ताओं में अनुसंधान की गुणवत्त व शैक्षिक क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय के प्रवक्ता अनुसंधान संबंधित सेमीनार व कार्यशालाओं में अपनी भागीदारी निभाते है । इसी कड़ी में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं द्वारा निम्न कार्यशालाओं में भाग लिया –

| क्र. सं. | कार्यशाला की दिनांक | कार्यशाला का स्थान | कार्यशाला का विषय | संस्थान के प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 6.3.17 से 7.3.17 | हरिभाऊ उपाध्याय महिला शिक्षक महाविद्यालय हट्न्डी, अजमेर | शैक्षिक अनुसंधान | डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़, प्रवक्ता<br>श्री नवीन कुमार पारीक, प्रवक्ता |

### महाविद्यालय में जनवरी से मार्च 2017 के मध्य आयोजित सेवारत् शिक्षक प्रशिक्षण में बाहरी विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत वार्ताओं का विवरण

1. डॉ.योगेश शर्मा, सह.आचार्य, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर ने पर्यावरणीय आपदा, आपदा प्रबंधन में अध्यापक की भूमिका, समावेशी शिक्षा का अर्थ व अवधारणा, समावेशी शिक्षा आवश्यकता एवं महत्व, समावेशी शिक्षा वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
2. डॉ. ज्योति बाफना, सह.आचार्य, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर ने जीवन रक्षक कौशल, सुनामी, समावेशी विद्यालय, विद्यालयों को समावेशी विद्या. बनाने की चुनौतियां व उपाय विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
3. डॉ. नलिनी राजोटिया, प्रधानाचार्य, रा.उ.मा.वि. बरनऊ,जोधपुर ने समावेशी शिक्षा का परिचर्य एवं सिद्धांत एवं विधियां, मानसिक विमंदद्धता पर विस्तृत जानकारी दी।
4. श्री हनुमान सिंह, यातायात प्रशिक्षक, पुलिस कमिश्नरेट यातायात जोधपुर ने ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

5. डॉ. चन्द्रकला गोस्वामी, सह.आचार्य, टेप्से हेप्सन सेन्टर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर ने भारत में समावेशी शिक्षा, समावेशी विकलांग बच्चे, विकलांग बच्चों के समावेश का मूल्यांकन विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
6. श्री मोहन लाल जीनगर, रीडर, आई.ए.एस.ई., बीकानेर, ने विशिष्ट शिक्षा की आवश्यकता, आपदा प्रबंध व इसकी आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी ।
7. डॉ. सुनिता गोयल, सह.आचार्य, लाचू मेमोरियल कॉलेज, जोधपुर, ने प्राकृतिक आपदा एवं वैश्विक ताप वृद्धि विषय पर विस्तृत जानकारी दी ।
8. डॉ.आर.एस.परिहार,सह.आचार्य,डॉ.एस.एन.मेडिकल कॉलेज जोधपुर ने एड्स के प्रति जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य के साथ संक्रमण की रोकथाम, आपदा के बाद महामारी विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
9. डॉ. सुमन भंसाली, सह.आचार्य, डॉ.एस.एन.मेडिकल कॉलेज जोधपुर ने महामारी, महामारी नियंत्रण व प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
10. डॉ.ओ.पी.आर.व्यास सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने प्राकृतिक आपदा एवं प्रबंध, आपदा प्रबंधन में विद्यालय की भूमिका, पर विस्तृत जानकारी दी।
11. श्रीमती मंजु शर्मा प्राचार्य, रा.बा.मा.वि., सूरसागर, जोधपुर, ने भूकम्प, बाढ़, व इनके बचाव विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
12. श्री संजीव चौधरी, प्राचार्य, रा.मा.वि., लूणी, जोधपुर ने स्वच्छ भारत अभियान पर विस्तृत जानकारी दी।
13. श्री लाखन लाल मीणा, यातायात प्रशिक्षक, पुलिस कमिश्नरेट यातायात जोधपुर ने ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
14. श्रीमान् अर्जुन सिंह सांखला, प्राचार्य,लक्की इंस्टीट्यूट प्रोफेशनल स्टडीज,जोधपुर ने कथा शिक्षण एवं संस्कृत शिक्षण में रचनात्मकता पर विस्तृत जानकारी दी।
15. श्री दामोदर सोनी, प्रोजेक्ट इन्स्ट्रेक्टर, ने अग्नि शामक यंत्र के लाईव मॉडल प्रबन्धन व मॉडल निर्माण पर विस्तृत जानकारी दी।




**सम्पादक मण्डल**

–: प्रधान संपादक :–

**डॉ. शिरीष बालिया**

–: संपादक मंडल सदस्य :–

1. डॉ. डुंगाराम भटनागर
2. डॉ. कीर्ति सोलंकी
3. श्रीमती लवलीना त्रिवेदी
4. श्रीमती सुरभि शर्मा
5. श्री शिव मोहन अग्रवाल
6. श्री सुरेश कुमार

To,

प्रकाशक – शाह गोवर्द्धनलाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय (सी.टी.ई.), जोधपुर । गीता भवन के पास, उम्मेद हॉस्पीटल रोड़, जोधपुर(राज.)-342003